>

Title: Need to expedite completion of various sanctioned railway projects in Bareilly Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री से रेल विभाग की निम्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जो पूर्व से स्वीकृत है, तत्काल प्रारंभ करने का आग्रह करता हूं।

1. बरेली महानगर के मध्य हार्टमैन क्रॉसिंग व कुडेशियम फाटक व इज्जतनगर चौराहा एवं कटघर क्रासिंग सभी पूर्वोत्तर रेल पर रेल ओवरब्रिज निर्माण। इन सबके बारे में पहले कहा जा चुका है तथा रेल विभाग द्वारा यह कार्य स्वीकृत किये गये हैं।

2. काठगोदाम (लालकुआं), बहेड़ी, बरेली, मथुरा, आगरा का प्राथमिकता के आधार पर आमान परिवर्तन।

3. बरेली-पीलीभीत, मैलाती-गोला-सीतापुर-लखनऊ मार्ग का आमान परिवर्तन।